**खबर संक्षेप**

## अवकाश के दिनों में भी खुला रहेगा परिवहन कार्यालय

**सतना।** आरटीओ संजय श्रीवास्तव ने बताया कि वित्तीय वर्ष के समापन पर लगातार अवकाश पडने के कारण राजस्व संग्रहण का कार्य प्रभावित नहीं हो,इसके लिए परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार 29 मार्च,30 मार्च एवं 31 मार्च 2025 को शासकीय अवकाशों में भी प्रदेश के सभी परिवहन कार्यालय अनिवार्य रूप से खुले रहेंगे और वाहनों से संबंधित काम पूर्ववत रहेंगे।

## कई सराफा व्यापारी हुए ठगी का शिकार

**सतना।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के सराफा व्यापारियों को एक महिला एवं एक पुरुष ने नकली सोना देकर असली सोने के जेवर खरीदारी करके ठगी की और फरार हो गए। सूत्रों ने बताया कि सतना के कई बड़ी छोटी दुकानों में गुरुवार को चार पहिया वाहन से सतना आ कर वारदात को अंजाम दिया है। घटना की शिकायत सिटी कोतवाली पुलिस से की गई है।शिकायत के बाद पुलिस जांच कर रही है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**कटनी।** सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। हादसा कुठला क्षेत्र अंतर्गत लमतरा के पास हुआ। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार कन्हवारा निवासी अनु पिता विष्णु लोधी 25 वर्ष अपने दोपहिया वाहन से अपने मिश्रा सोमनाथ लोधी को कटनी रेलवे स्टेशन छोड़ने गया था। इस दौरान बाइक पर राज यादव भी सवार था। स्टेशन में सोमनाथ को छोड़ने के बाद दोनों वापस लौट रहे थे। इसी दौरान लमतरा के समीप अज्ञात वाहन ने दोनों को ठोकर मार दी। हादसे में अनु लोधी की मौके पर ही मौत हो गई तो वहीं राज घायल है। पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है।

## जुआरियों को दबोचा

**कटनी।** अलग अलग स्थानों में जुआ खेल रहे जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार माधवनगर पुलिस ने चौधरी मोहल्ला झिंझरी में दबिश देकर जुआरियों को पकड़ा है। पकड़े गए जुआरियों में हीरालाल चौधरी, दालचंद चौधरी निवासी झिंझरी, कृपाली चौधरी निवासी पिपरौंध, मुन्ना चौधरी निवासी झिंझरी, अल्लू उर्फ झल्लू चौधरी आदि शामिल हैं। इसी प्रकार विजयराघवगढ़ पुलिस ने ग्राम देवराकला में दबिश देकर भस्सू कोल, हजारी लाल चक्रवर्ती, सनत शुक्ला तीनों निवासी देवराकला को जुआ खेलते पकड़ा है।

## लेबर कोर्ट के फैसले को लेकर स्कूल पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी

**कटनी।** दिगम्बर जैन स्कूल के एक कर्मचारी को जीपीएफ फंड एवं वेतन दिए जाने के मामले में लेबर कोर्ट के एक फैसले को लेकर बुधवार दोपहर तहसीलदार बी के मिश्रा राजस्व अमले के साथ राशि की वसूली के लिए स्कूल पहुंचे। तहसीलदार ने यहां पहुंचकर दिगम्बर जैन शिक्षा संस्था को संबंधित कर्मचारी की राशि का भुगतान करने के लिए कहा। जो कि करीब दो लाख 7 हजार रुपये है। संस्था के अध्यक्ष आशीष जैन ने बताया कि लेबर कोर्ट के आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई है, जहां प्रकरण लंबित है। इसके बावजूद संस्था कर्मचारी को राशि का भुगतान करने के लिए तैयार है लेकिन संस्था के बैंक खाते को होल्ड किया गया है। एसडीएम प्रदीप मिश्रा ने बताया कि लेबर कोर्ट के आदेश का पालन कराने के लिए तहसीलदार को भेजा गया था। लेकिन समय अधिक हो जाने के कारण कार्रवाई नहीं कि जा सकी है। इसके अलावा संस्था को राशि का भुगतान करने के लिए कहा गया है। यदि संस्था भुगतान नहीं करती है तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**चर्चा के दौरान पार्षदों बोले-गरीबों पर बोझ नहीं डालेंगे**

# नगर निगम के बजट में 7 करोड़ का घाटा 10 फीसदी टैक्स बढ़ोतरी का प्रस्ताव खारिज





**सतना**

शुक्रवार को नगर पालिक निगम ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 450 करोड़ रुपए का बजट पेश किया। इसमें साढ़े 7 करोड़ का घाटा बताया गया है।सत्र में टैक्स वृद्धि का प्रस्ताव निरस्त करने की बात पर पक्ष-विपक्ष दोनों एकजुट दिखे। बजट पर हो रही चर्चा के दौरान महिला पार्षद जमीन पर बैठ गईं। उन्हें मनाकर चेयर पर बैठाया गया। निगम प्रशासन ने 10 फीसदी प्रॉपर्टी टैक्स बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। इस पर पक्ष-विपक्ष के पार्षद एकजुट दिखे। उनका कहना था कि सतना में टैक्स पहले से ही अधिक है। कई वार्डों में लोग झोपड़ियों में रह रहे हैं,ऐसे में उन पर अतिरिक्त टैक्स का बोझ डालना उचित नहीं होगा। टैक्स वृद्धि एक सीमा में होनी चाहिए। इसके बाद टैक्स वृद्धि का प्रस्ताव निरस्त कर दिया गया। धरने पर बैठ गईं महिला पार्षद मीना नगरीय क्षेत्र के अंदर बिजली अव्यवस्था को लेकर वार्ड क्रमांक एक की पार्षद मीना माधव जमीन पर बैठ गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे नगर की दुर्दशा है। हालांकि उन्हें समझाने के बाद जमीन से उठाया गया और समस्या के समाधान को लेकर भरोसा दिया गया।

### विशेष समिलन में पेश किये गये एजेण्डे

नगर निगम में वित्त वर्ष 2025-26 के बजट के लिये नगर निगम परिषद का विशेष समिलन बुलाया गया है,जिसमें दो एजेण्डे प्रस्तुत किये गये। नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार पहला एजेण्डा संपत्ति कर में 10 प्रतिशत बढ़ोत्तरी से संबंधित रहा।जबकि दूसरे एजेण्डे में नगर निगम के बजट को पेश किया गया।नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी पालन की अध्यक्षता में आयोजित विशेष समिलन में 10 प्रतिशत संपत्ति कर वृद्धि के प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्षी पार्षद एकजुट दिखाई दिये। ज्ञातव्य है कि एमआईसी की पिछली बैठक में वर्ष 2025-26 के लिये 10 प्रतिशत संपत्ति कर बढ़ाने का प्रस्ताव पारित किया गया था। एमआईसी के प्रस्ताव को अनुमोदन के लिये परिषद की बैठक में रखा गया था। ज्ञातव्य है कि कांग्रेस पार्षदों द्वारा पहले से संपत्ति कर वृद्धि का विरोध करने का ऐलान किया गया था। विपक्षी पार्षदों का कहना था कि इसके पूर्व नगर निगम द्वारा वित्त वर्ष 2015-16 में कारपेट एरिया की जगह बिल्डअप एरिया को कराधान के दायरे में लाया गया था। इस परिवर्तन से शहर के संपत्ति धारकों पर 40-50 फीसदी तक का अतिरिक्त बोझ पड़ा था। नेता प्रतिपक्ष ने जहां विशेष समिलन के आयोजन पर आपत्ति जताई थी। वहीं यह कहा था कि विपक्ष के सवालों से बचने के लिये विशेष समिलन बुलाया जा रहा है। सत्तारूढ़ दल के पार्षदों एवं विपक्षी पार्षदों के बीच नोंकझोंक तथा बहसबाजी के बाद संपत्ति कर में 10 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव खारिज कर दिया गया।

## कार की टक्कर से एक युवक की मौत दूसरा गंभीर रूप से घायल





**सतना।** नागौद थाना क्षेत्र अंतर्गत नागौद-पन्ना मार्ग पर नोनिया गांव जलधारा ढावा के समीप तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। जिसमें मौके पर ही प्रमोद उर्फ मुन्नू 35 वर्ष निवासी सड़वा नागौद की मृत्यु हो गई वहीं शैलेश पाठक उर्फ भोलू पिता राजेश पाठक उम्र 32 निवासी चटाई मोहल्ला नागौद गंभीर रूप से घायल है जिसे नागौद से जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## बकाया टैक्स जमा नहीं करने पर आरटीओ ने चार गाड़ियों को पकड़ा



**सतना**

परिवहन आयुक्त के आदेश के पालन में आरटीओ द्वारा गुरुवार को वाहनों पर कर बकाया राशि एवं दस्तावेज़ अपूर्ण होने पर चलानी कार्यवाही कर जप्त किया गया। जानकारी के मुताबिक कुल जप्त 04 वाहनों से कुल संभावित राजस्व 6 लाख 50 हजार रूपये प्राप्त होगा। पूर्व में जप्त 02 वाहनों से, 3,25,000 रूपये राजस्व वसूल किया गया। यह कार्यवाही सतना मैहर,रीवा बाईपास सतना में की गई।

## एकेएस की छात्रा राशि ने राज्य स्तरीय युवा संसद में प्राप्त किया तीसरा स्थान

**सतना**



नेहरू युवा केंद्र द्वारा विधानसभा भवन भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय युवा संसद में राशि त्रिपाठी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है और अब वह भारतीय संसद,नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद में मध्य प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी। उल्लेखनीय है कि एकेएस विश्वविद्यालय के अनमोल,अनुपमा और राशि ने युवा संसद के लिए राज्य स्तर पर चयनित होकर मध्यप्रदेश विधानसभा में सतना जिले का प्रतिनिधित्व किया। अनमोल सोनी राष्ट्रीय सेवा योजना के वॉलेंटियर हैं और कृषि संकाय के बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर के द्वितीय सेमेस्टर में अध्ययन रात हैं,अनुपमा पटनहा बीएससी द्वितीय सेमेस्टर,राशि त्रिपाठी,बीबीए द्वितीय सेमेस्टर ने युवा संसद के लिए राज्य स्तर के लिए शानदार वक्तव्य देकर सभी को प्रभावित किया। भोपाल में राज्य स्तर पर युवा संसद में हिस्सा लिया। असिस्टेंट प्रोफेसर इंग्लिश विभाग प्रतीक निगम जो कई बार इस प्रतियोगिता में सफलता का परचम लहरा चुके हैं उन्होंने छात्रा का मार्गदर्शन भी किया प्रतीक ने बताया कि युवा संसद" युवा छात्रों को संसदीय शैली की बहस,चर्चा और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में शामिल होने के लिए एक मंच प्रदान करता है। आयोजन एक वास्तविक संसद के कामकाज की नकल करते हैं,इसमें छात्रों के बीच नेतृत्व कौशल,नागरिक जागरूकता और लोकतांत्रिक सिद्धांतों की गहरी समझ को बढ़ावा मिलता हैं।

### युवा संसद प्रतियोगिता योजना का उद्देश्य :

लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने की दृष्टि से,अनुशासन की स्वस्थ आदतें,दूसरों के विचारों को सहन करने और छात्र समुदाय को संसद के कामकाज के बारे में कुछ जानने में सक्षम बनाने के लिए, संसदीय कार्य मंत्रालय का आयाम है। एकेएस के प्रतिकुलाधिपति इंजी.अनंत कुमार सोनी,कुलपति प्रो. बी.ए.चोपड़े एवं अन्य अधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## श्रीकृष्ण और रुकमणी के विवाह की अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं को रसपान

**मैहर**

श्रीमद् भागवत कथा का छठां दिन में श्रीकृष्ण और रुकमणी का विवाह की अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं को रसपान कराया गया। शहर के बड़ी माई मंदिर में चल रह श्रीमत भागवत कथा के छठें दिन कथा व्यास से अशोक कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने श्रीकृष्ण और रुकमणी के विवाह की अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं को रसपान कराया। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान बीच बीच में सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई।श्रीमद् भागवत कथा का छठे दिन सर्वप्रथम कथा वाचक द्वारा श्रीमद् भागवत कथा की गणेश वंदना विधि विधान से शुभारंभ कराया छठे दिन कथा में भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य महारास लीला का वर्णन किया। कथा वाचक अशोक कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने कहा कि भगवान की महारास लीला इतनी दिव्य है कि स्वयं भोलेनाथ उनके बाल रूप के दर्शन करने के लिए गोकुल पहुंच गए।मथुरा गमन प्रसंग में अक्रूर जी भगवान को लेने आए,जब भगवान श्रीकृष्ण मथुरा जाने लगे समस्त ब्रज की गोपियां भगवान कृष्ण के रथ के आगे खड़ी हो गई,कहने लगी हे कन्हैया जब आपको हमें छोड़कर ही जाना था तो हम से प्रेम क्यों किया।गोपी उद्धव संवाद,श्री कृष्ण एवं रुकमणी विवाह उत्सव पर मनोहर झांकी प्रस्तुत की गई। भगवान श्री कृष्ण रुकमणी जी के समस्त श्रद्धालु भक्तजनों ने शादी का आंनद लिया। श्रीमद् भागवत कथा का सातवां दिन पूर्ण होने के बाद सका हवन पूजन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## 62 दिव्यागों को ईवी साइकिल, कान की मशीन वितरित

**मैहर।** मैहर जनपद पंचायत में आज दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण वितरण हेतु शिविर का आयोजन किया गया। जहां मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के द्वारा हितग्राहियों को ईवी ट्राई साइकिल एवं कान की मशीन शुभकामना के साथ वितरण की गई। इस कार्यक्रम में जिले भर के 62 दिव्यांगों को सहायक उपकरण का वितरण किए गए। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती आकांक्षा लोधी,उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यागजन कल्याण विभाग सौरभ सिंह,जनपद सीईओ प्रतिपाल बागरी, बालेंद्र पांडे समग्र अधिकारी ओम शर्मा सहायक सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## झूलेलाल जयंती पर महिलाओं की स्कूटी रैली

### राज्यमंत्री बागरी भी हुईं शामिल, सिर पर साफा बांधकर निकलीं महिलाएं

सतना। झूलेलाल जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। शुक्रवार को शहर में महिलाओं ने स्कूटी रैली निकाली। रैली झूलेलाल मंदिर से शुरू हुई। यह शहर के प्रमुख चौराहों से होते हुए कंवर नगर सिंधी कॉलोनी में समाप्त हुई।

नगरीय प्रशासन राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने रैली में शामिल होकर महिलाओं का उत्साह बढ़ाया। सामाजिक एकता का संदेश देते हुए सभी महिलाएं सर पर साफा बांधकर स्कूटी पर सवार हुईं। झूलेलाल जयंती समारोह की अगली कड़ी में कई आयोजन होंगे। 29 मार्च को सुबह 10 बजे सुखमनी का पाठ होगा। शाम 6 बजे मनोहर धाम मंडली सतना द्वारा लेडीज संगीत (लाडा) का कार्यक्रम होगा। 30 मार्च को दोपहर 1 बजे बाबा मेहरशाह दरबार के महंत बाबा पुरुषोत्तमदास जी के मुखारबिंद से श्रीचंद्र सिद्धांत सागर के पाठ साहिब का भोग लगेगा। इसके बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।

**30 को निकलेगी शोभायात्रा**

30 मार्च को भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह सिंधी कॉलोनी में भ्रमण के बाद बाबा मेहर शाह दरबार में समाप्त होगी। माधवगढ़ नदी में जोत विसर्जन होगा। पंडित घनश्यामदास शर्मा के पल्लव कार्यक्रम के साथ समारोह का समापन होगा।

## मैहर का लोक निर्माण विभाग निष्क्रिय : गौतम

**मैहर।** जिले में लोक निर्माण विभाग के द्वारा सक्रिय भूमिका निभाकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने की मांग मैहर के वरिष्ठ समाज सेवी रमापति गौतम ने की है। श्री गौतम ने कहा कि मैहर जीत नगर से कटनी रोड अमडा नाला साथ ही रीवा रोड में टमस नदी तक लगभग 20 स्कूल हैं मैहर शहर के अंदर हॉस्पिटल भी है जगह-जगह शहर के अंदर प्रवेश स्थलों पर गति सीमा बोर्ड प्रत्येक चौराहे में मुड़ने और आने-जाने का सांकेतिक बोर्ड लगाए जाने की मांग की है साथ ही पुलिस प्रशासन द्वारा प्रत्येक स्कूल के सामने हेल्पलाइन नंबर अंकित कर आवारा किस्म के लोगों पर नजर रखने ट्रैफिक पुलिस को सफ़ेद ड्रेस में रहकर वर्दी कोर्ट का पालन करने की मांग भी पुलिस अधीक्षक से की है। मैहर नवरात्रि मिले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुगमता को नजर रखते हुए मां शारदा देवी मंदिर से अलाउद्दीन खां चौराहे तक दोनों तरफ की रोड आदि शीघ्र निर्माण कर आवागमन स्थल अतिक्रमण मुक्त करने साफ सफाई रखने के प्रति जिम्मेवार लोगों को अपने कर्तव्य निर्वहन की बात कही है।

## नवीन औद्योगिक क्षेत्र उचेहरा के विकास के लिए 13 करोड 84 लाख स्वीकृत

**सतना।** राज्य शासन ने सतना जिले के उचेहरा में नवीन औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए 13 करोड 84 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। इस राशि से औद्योगिक क्षेत्र उचेहरा में बिटुमिन रोड, आरसीसी नाली,हयूम पाइप,कल्वर्ट विद्युतीकरण,टयूब वेल एवं जल प्रदाय लाइन,ओव्हर हेड एवं अंडर ग्राउण्ड वाटर टैंक,वाटर हार्वेस्टिंग एवं साइन बोर्ड के कार्य कराये जायेंगे।

## मानव अधिकार संरक्षण संगठन कार्यालय उद्घाटित

**मैहर।** मैहर में मानव अधिकार संरक्षण संगठन का फीता काटकर सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी के द्वारा शुभारंभ किया गया। मैहर के अमड़ा नाला,पावर हाउस के आगे जिला कार्यालय मैहर मानवाधिकार संरक्षण संगठन के एच.आर.डी. शुभारंभ के कार्यक्रम में पहुंचे सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी के द्वारा कार्यालय का उद्घाटन किया।

## जल गंगा संवर्धन अंतर्गत पुराने तालाबों का हो जीर्णोद्धार

**मैहर**

जनपद पंचायत मैहर उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी ने जिला कलेक्टर मैहर को पत्र लिखकर मैहर जिले में जल गंगा संवर्धन अंतर्गत तालाबों के जीर्णोद्धार का मुद्दा उठाया है। विकास त्रिपाठी ने कहा कि वैसे भी जिले में पानी की विकट समस्या पिछले कुछ वर्षों से देखने सुनने में मिलते रहे हैं। कुछ क्षेत्रों में तो पानी की विकट समस्या हम सभी ने देखा है। गर्मी के दिनों में तो खासतौर से चाहे बात गांव कि की जाय या शहरी क्षेत्रों की पानी की मारा मारी देखी जाती रही है। आम जन जीवन की बात करे तो पशु पक्षियों को भी पानी की समस्या देखने को मिलती है क्योंकि क्षेत्र में तालाबों की गहराई उनका उचित रख रखाव पानी का उचित संरक्षण न होने की वजह से सूख जाते हैं। श्री त्रिपाठी ने कहा है कि मुख्यतया मैहर जिले में विगत एक वर्षों से तालाबों के मरम्मती करण उनका गहरी कारण जीर्णोद्धार का कार्य नहीं हुआ इसलिए जनहित में आवश्यक है गर्मी की समस्याओं को देखते हुए अविलंब इसमें विचार कर कार्य प्रारंभ कराया जाना जनहित में बड़ा कदम होगा।

## एटीएम कार्ड बदलकर निकाल लिए 50 हजार रुपए

**सतना**

सिटी कोतवाली अंतर्गत आईपी नगर पतेरी गली नं. 4 निवासी रामकृष्ण गौतम का एटीएम कार्ड बदल कर एक युवक द्वारा 50 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। इस मामले की शिकायत इन्द्रप्रस्थनगर पतेरी निवासी रामकृष्ण गौतम ने सिटी कोतवाली में दर्ज करायी है। श्री गौतम द्वारा शिकायत की गयी है कि उनका एटीएम कार्ड गुरुवार शाम गली नंबर 7 राजेन्द्र नगर से आते समय गिर गया था। उसी वक्त एक युवक ने बड़ी सफाई से कार्ड बदल लिया और इसके बाद वह अपने घर चले गये। घर जाने पर जब उन्होंने अपने पुत्र से मोबाइल मैसेज चेक कराया तो मालूम पड़ा कि उनके खाते से 40 हजार रुपये और 10 हजार रुपये दो बार में निकाल लिये गये और 72 हजार तथा 75 हजार रुपये निकालने की कोशिश की गयी। फरियादी रामकृष्ण गौतम ने बताया कि उन्होंने ऑनलाइन एटीएम बंद करवा दिया है। बाद में एटीएम देखा तो पता चला कि किसी लक्ष्मण दाहिया ने उनके स्टेट बैंक के खाते से लंबी रकम पार कर दी। रामकृष्ण गौतम ने थाना प्रभारी से इस मामले में कार्यवाही किये जाने का आग्रह किया है।

# रत्नगर्भा धरती पन्ना में बहुप्रतीक्षित मांग डायमण्ड पार्क को लेकर पूरी होने के बने आसार

**पन्ना।** विगत दिवस 21 मार्च 2025 को सम्पन्न हुई प्रमुख सचिव सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम विभाग की अध्यक्षता में स्थाई वित्तीय समिति की बैठक में पन्ना में जनकपुर में डायमण्ड पार्क के लिए 12 करोड़ 65 लाख 46 हजार के वित्तीय प्रावधान को लेकर मिला अनुमोदन विकास की दिशा में सपने जब देखे जाते है तो प्रयास की दिशा आगे बढ़ती है। पन्ना में डायमण्ड पार्क को लेकर लम्बे अर्से से मांग बहुप्रतीक्षित थी। वह दिन अब आ गये पन्ना को सौगात के रूप में डायमण्ड पार्क बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ। जो पन्ना की पहचान और शान दोनों को लेकर चमक बिखरने के लिए जाना जायेगा। क्योंकि डायमण्ड पन्ना की पहचान है। इसके लिए काफी लम्बे अर्से से पन्ना में जो प्रयास डायमण्ड पार्क को लेकर किये गये उसमें तत्कालीन कलेक्टर संजय मिश्रा के कार्यकाल में जहां डायमण्ड पार्क को लेकर प्रपोजल के साथ जहां जमीन का आरक्षण की प्रक्रिया को अंजाम दिया गया था। वह सपने साकार होने को लेकर आज सौगात के रूप में पन्ना में डायमण्ड पार्क स्थापित करने के लिए सुखद खबर सामने आ गई। पन्ना में डायमण्ड पार्क को लेकर जनकपुर में जहां अब इस कार्य के लिए रोड, नाली, पाईप कलवर्ड, विद्युतिकरण, ट्यूबबेल एवंज ल प्रदाय लाईन ओव्हर हेड एवं अण्डर ग्राउण्ड वाटर टैंक, वाटर



हर्वेस्टिंग एवं साईन वोर्ड को लेकर 12 करोड़ 65 लाख 46 हजार रूपये की स्वीकृति अनुमोदन के लिए रूप में प्रमुख सचिव सूक्ष्मलघु और मध्यम उद्यम विभाग की अध्यक्षता में स्थाई वित्तीय समिति की बैठक में इस कार्य को लेकर अनुमोदन के साथ राशि का प्रावधान स्वीकृति के रूप में मिला निश्चितौर पर पन्ना के लिए बहुप्रतीक्षित मांग डायमण्ड पार्क की सौगात के रूप में पूरी होने के आसार हुए तय। विकास के क्रम में यह कार्य जो पन्ना की पहचान से जुड़ा हुआ तथा दुनिया में हीरे के नाम से (डायमण्ड पार्क) पन्ना की शान में चमक बिखरेगा आने वाले समय में पन्ना के डायमण्ड पार्क में जहां उद्यमियों को लेकर हीरे के लिए जो उद्योग की दिशा तय होगी वह भी अपने आप में पन्ना के भविष्य को संवारने के लिए जाना जायेगा। निश्चितौर पर यह सपना जो देखा जा रहा था वह साकार होने के दिन आज नवदुर्गा पूर्व के पूर्व शुभ समाचार के रूप में सामने आया है। जिला प्रशासन के मुखिया तत्कालीन कलेक्टर संजय कुमार मिश्रा के समय स्थल चयन व प्रपोजल जो भेजा गया था उस पर मिली स्वीकृति अब वर्तमान समय में कलेक्टर सुरेश कुमार के समय जहां अब डायमण्ड पार्क की स्थापना को लेकर कार्य आरंभ होना सुनिश्चित होगा। निश्चित ही इसमें पन्ना के जनप्रतिनिधियों की भूमिका भी कहीं न कहीं उनके प्रयासों की आहूति भी इसमें मानी जा रही है। पन्ना की पहचान व शान को लेकर डायमण्ड पार्क की मिली सौगात।

## खबर संक्षेप

### अमानगंज थाना पुलिस को नगर निरीक्षक के रूप में मिली पहली महिला थाना प्रभारी



**पन्ना।** जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा अभी हाल में ही बीती रात स्थानांतरण आदेश जिला स्तर किया है उसमें कई थाना प्रभारी अलग-अलग थानों से स्थानांतरित हुए हैं उनमें पन्ना रक्षित केंद्र से माधवी अग्निहोत्री अमानगंज पुलिस थाने को पहली महिला थाना प्रभारी के रूप में आज दिनांक 28 मार्च को पदस्थ हुई है, ज्ञात हो कि इसके पहले अपने छतरपुर जिले के कई थानों में अपनी मजबूती से सेवा दी हैं और पुलिस सेवा में वर्ष 2015 से आपकी तैनाती बताई गई है। आज आपकी पदस्थापन होने के उपरांत स्थानीय पुलिस स्टाफ से थाना क्षेत्र की सारी व्यवस्थाओं पर जानकारी संलग्न करने के साथ ही थाना क्षेत्र को मजबूती से चलाई जाने की बात कही है। आपने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब, जुआ, सट्टा आदि सभी असामाजिक गतिविधियों पर पूर्णत रोक रहेगी। जब तक मैं पुलिस थाना अमानगंज में रहूंगी कानून व्यवस्था का हम मजबूती से पालन करेंगे। देर शाम आपने स्थानीय मीडिया से भी चर्चा कर अपना सहयोग लेने- देने की बात कही ।

### शैलू अग्रवाल के पिता जी का दुखद निधन



**पन्ना।** देवेन्द्रनगर निवासी शैलू अग्रवाल के पिता श्री सुरेश कुमार अग्रवाल (69 वर्षीय) का 28 मार्च को आकस्मिक निधन हो गया है। अंतिम संस्कार 29/03/2025 को देवेंद्रनगर मुक्तिधाम में सुबह 10 बजे होगा। ईश्वर इन्हे अपने श्री चरणों में स्थान देवे। एवं स्वजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। शोकाकुल परिवार में शैलेष कुमार अग्रवाल (शैलू) (पुत्र) संवाददाता देवेंद्रनगर, पूर्व महामंत्री, भाजपा सह संयोजक विधि प्रकोष्ठ पन्ना एवं कोषाध्यक्ष सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवेंद्रनगर।

### किसान के बेटे राम प्रसाद कुशवाहा को पीएचडी की उपाधि से किया गया सम्मानित

**पन्ना।** जिले की अजयगढ तहसील अंर्तगत ग्राम नरदहा निवासी रामप्रसाद कुशवाहा को बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल से पीएचडी उपाधि प्रदान की गई है । उन्होंने अपना शोधकार्य सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉण सुनील कुमार स्नेही के मार्गदर्शन में पूरा किया। इनका शोधकार्य का शीर्षक मॉलिक्युलर स्ट्डीज एंड जेनेटिक डायवर्सिटी ऑफ बेगोमोवायरस एसोसिएटेड विथ पंपकिन क्रॉप्स ऑफ भोपाल रहा है। रामप्रसाद ने ग्रामीण परिवेश में रह कर विभिन्न परिस्थियों से संघर्ष करते हुये अपनी दीक्षा पूरी की तथा अपने माता पिता गुरू जनों के सपनों को सकार किया है। उनकी उक्त उपलब्धी पर शुभ चिंतकों मित्रों रिष्तेदारों परिवार जनों ने बधाई दी है।

### कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग कार्यालय का किया निरीक्षण

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने गत गुरूवार को कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग कार्यालय पन्ना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पुराने भवनों के संधारण और परिसंपत्तियों के संबंध में जानकारी लेकर अभिलेख को स्कैन उपरांत सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। अन्य कक्ष व शाखाओं का निरीक्षण कर अव्यवस्थित रिकार्ड व दस्तावेजों को व्यवस्थित रूप से संधारित कर सूचीबद्ध करने के लिए कहा। उन्होंने संपत्ति पंजी का अवलोकन कर कार्यालय परिसर में व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। कार्यपालन यंत्री जे.पी. सोनकर द्वारा जिला कलेक्टर को आवश्यक जानकारियों से अवगत कराया गया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी अजय मिश्रा एवं संभागीय लेखा अधिकारी शैलेन्द्र बहादुर सिंह भी उपस्थित रहे।

# शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई में वार्षिक उत्सव आयोजित







**पवई।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुये वार्षिक उत्सव अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुये जिसमें क्रिकेट, बैडमिंटन, टेबिल टेनिस, वालीबाल, शतरंज, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। संस्था में आयोजित समस्त कार्यक्रम का समापन दिनांक 28 मार्च 25 को सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसका मुख्य थीम 'बालिकों के साथ होने वाले दुष्कर्म तथा सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव' के साथ हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुवात माँ सरस्वती के पूजन से शुरू हुआ इसके बाद संस्था प्राचार्य अरविन्द त्रिपाठी द्वारा संस्था का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गयाऔर संस्था में प्रवेश, प्लेसमेंट, आगामी कार्ययोजना का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा संस्था में दिनांक 4 अप्रैल 2025 को मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रानिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन ब्रांच हेतु आयोजित होने वाले प्लेसमेंट तथा दिनांक 08 अप्रैल 2025 को माइक्रोमैक्स कम्पनी द्वारा कम्प्यूटर साइंस एवं इलेक्ट्रानिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन के प्लेसमेंट की जानकारी दी एवमा विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना भी की। इसके बाद संस्था के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी विद्यार्थियों का मनोरंजन कर चयनित थीम के माध्यम से संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान ही संस्था में पिछले पाँच वर्षों में विभिन्न कंपनियों में संस्था स्तर पर आयोजित प्लेसमेंट के माध्यम से चयनित 129 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा संस्था के विभिन्न वर्षों में मेरिट में आए हुये विद्यार्थियों, वार्षिक उत्सव अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान विजेता एवं उप विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। संस्था में आयोजित समस्त कार्यक्रम के समन्वयक आकाश गुप्ता व्याख्याता सिविल द्वारा सभी कार्यक्रम में सहयोग करने वाले संस्था के अधिकारियों कर्मचारियों को धन्यवाद प्रेषित करते हुये भविष्य में इसी प्रकार के सहयोग की अपेक्षा भी की है। इस कार्यक्रम में शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना से मुख्य अतिथि के रूप में उत्कर्ष श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष कम्प्यूटर साइंस, श्रीमति वर्षा प्रजापति व्याख्याता कम्प्यूटर साइंस तथा श्रीमति पूजा खरे अतिथि व्याख्याता कम्प्यूटर साइंस के साथ साथ श्रीमति वर्षा त्रिपाठी, श्रीमति नेहा श्रीवास्तव, श्रीमति हेमलता त्रिपाठी एवं श्रीमति अर्चना गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आशीष त्रिपाठी व्याख्याता मैकेनिकल, रामपाल कुशवाहा, सचिन चौरसिया, दीपचन्द अहिरवाल, नीरज सेन, महेंद्र अहिरवार, मयंक भगत, कृष्णकुमार अहिरवार, जे एल सिद्धार्थ, श्रीमति ज्योत्सना पटेल, सुश्री राखी परमार, श्रीमति रमा सोनी, श्रीमति निशि पाण्डेय, श्री पुष्पेंद्र गौतम , इरशाद अली, श्रीमति प्रसून रेले, प्रशांत कुमार, बसंत बागरी, नर्मदा प्रसाद वर्मा, सन्नी कचेर, प्रतिपाल सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह, राजेश, सुशील, प्रसन्न, देवेंद्र, प्रवीण, विकास, शत्रुघन जी, श्रीमति राखी, लोकनाथ का विशेष योगदान रहा, पूरे कार्यक्रम में संस्था में संचालित सिविल, मैकेनिकल, कम्प्यूटर साइंस तथा इलेक्ट्रानिक्स एंड टेलिकम्युनिकेशन ब्रांच के समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पुत्र वधु पर प्रेमी के साथ मिल कर पुत्र को जहर देकर हत्या के आरोप

**पुलिस अधीक्षक के नाम शिकायती आवेदन सौंप कर जांच और कार्रवाई की मांग**

**पन्ना।** फरियादी जुग्गी प्रसाद कुशवाहा निवासी ग्राम महोड़ कला थाना सिमरिया ने पुलिस अधीक्षक के नाम शिकायती सौंप कर बताया है कि उनके पुत्र देवीदीन कुशवाहा का विवाह ग्राम भुड़सा थाना बड़वारा जिला कटनी निवासी सुनीता कुशवाहा के साथ हिन्दू रीति रिवाज से लगभग 16 वर्ष पूर्व संपन्ना हुआ था। दोनों के 2 बच्चे 1 पुत्र व 1 पुत्री हुई जो वर्तमान में अपने दादा दादी के साथ हैं। बहू सुनीता कुछ समय से गलत हरकतें करने लगी थी जिसका विरोध करने पर वह लड़ाई झगड़ा पर अतारू हो जाती थी और एक दिन बहु मायके चली गई। बहु के जाने से दोनों बच्चे परेशान रहने लगे जिससे देवीदीन अपने दोनो बच्चों को लेकर अपनी ससुराल ग्राम भुड़सा में किराए के मकान में रहने लगा और अपने पिता से डेढ़ लाख रुपए लेकर बोलेरो खरीद कर अपने नाम करवाई। बहु अपने प्रेमी से बातचीत करती थी जिससे बेटे-बहु के बीच फिर झगड़ा होने लगा और सुनीता सहित ससुराल के रामगोपाल, दुखीलाल व प्रकाश द्वारा देवीदीन के साथ मारपीट की गई। फरियादी ने आगे बताया कि जब देवीदीन ने अपनी पत्नी से पुलिस में रिपोर्ट करने की बात कही तो उसे जहर देकर मार दिया गया और शव नदी किनारे दफनाने ले गए, सूचना मिलने पर फरियादी अपने परिजनों के साथ पहुंचे और शव को चोरी छिपे दफनाने से रोक कर अपने घर ले आए और पुलिस में शिकायत की लेकिन अभी तक कोई जांच व कार्यवाही नहीं हुई। दूसरी ओर बहु ने भागकर अपने प्रेमी के साथ शादी कर ली। और पिकअप महिन्द्रा बेलेरो एवं मोटरसाईकिल होंडा साईन मायके में रख कर बेचना चाहती है। मात्र उसका नाम नोमनी में होने के कारण। ससुराल वालों ने देवीदीन के साथ मिलकर गाड़ी पर 8 लाख का लोन लिया जो पैसा उन्हीं के पास है। देवीदीन बेड़ीलाल सेठ के साथ गल्ला का व्यापार करते थे। अभी भी वह वाहन उन्ही के पास गिरवी रखा है। फरियादी ने देवीदीन के मौत के मामले की जांच करवा कर दोषियों पर कार्रवाई एवं मृतक के दोनों बच्चों के भरण पोषण के लिए वाहन दिलवाने की मांग उठाई है।

# मध्य प्रदेश राज्य शिल्पी मंडल की अध्यक्ष द्वारा नगर पालिका तथा नगर परिषदों में प्रतिनिधि किए नियुक्त



गुन्नौर। मध्य प्रदेश राज्य के शिल्पी मंडल के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नंदकिशोर वर्मा द्वारा पन्ना जिले में नगर पालिका तथा नगर परिषद में मंडल की ओर से प्रतिनिधि नियुक्त किए गए हैं जिसमें उक्त सभी प्रतिनिधियों को आम लोगों के कार्ड बनवाना विश्वकर्म योजना से संबंधित लाभ दिलाना तथा अन्य योजनाओं की गतिविधियों से समाज के लोगों को जोड़ने का पद प्रयास करने का दायित्व सोपा गया है पन्ना जिले में जिन लोगों को प्रतिनिधि बनाया गया है फोन में पन्ना नगर पालिका की लिए चंद्र प्रकाश सेन अजयगढ़ नगर परिषद के लिए चंद्र प्रकाश सेन ककरहटी नगर परिषद के लिए आनंद कुमार सेन गुनौर के लिए राम प्रसाद सेन अमानगंज नगर परिषद के लिए प्रदीप सेन पवई के लिए श्रीमती कल्पना सेन तथा देवेंद्र नगर नगर परिषद के लिए श्री सेन को नियुक्त किया गया है उक्त प्रतिनिधियों की नियुक्ति जिले के वरिष्ठित का अधिवक्ता प्रधान सेन की अनु संस्था पर की गई है प्रतिनिधियों की नियुक्ति किए जाने पर सेन समाज द्वारा अध्यक्ष श्री वर्मा का आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी गई।

# स्कूल चलें हम अभियान एक से 4 अप्रैल तक




**पन्ना।** नवीन शिक्षा सत्र आरंभ होने को लेकर स्कूल चलों अभियान में जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक जिम्मेदार निभायेंगें भूमिका उत्साह के साथ सम्पन्न होगा प्रवेश उत्सव नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2025-26 की शुरूआत एक अप्रैल से स्कूल चलें हम अभियान के रूप में की जायेगी। अभियान के दौरान एक से 4 अप्रैल, 2025 तक प्रतिदिन शालाओं में कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी जिला कलेक्टर्स और जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किये हैं। अभियान के दौरान सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। स्कूल चलें हम अभियान का राज्य स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में होगा, जबकि जिले के प्रभारी मंत्री जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम चयनित शाला में होगा। कार्यक्रम में सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। उपस्थित छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की जायेंगी। ग्राम और बसाहट के शाला से बाहर रहे चिन्हित बच्चों का शाला में नामांकन कराया जायेगा। बच्चों के अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जायेगा। कक्षा-1 से 8 तक सभी शालाओं में एक अप्रैल को बालसभा का आयोजन किया जायेगा। इस दिन शालाओं में विशेष भोजन की व्यवस्था भी की गयी है।

**भविष्य से भेंट कार्यक्रम-**

स्कूल चलें हम अभियान के दूसरे दिन शालाओं में "भविष्य से भेंट'' कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रबुद्ध और सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट के लिये आमंत्रित किया जायेगा। इसी दिन स्थानीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धियाँ हासिल करने वाले खिलाड़ी, साहित्यकार, कलाकार, मीडिया, संचार मित्रों, पुलिस अधिकारी, राज्य शासन के अधिकारी को विशेष रूप से आमंत्रित किया जायेगा। आमंत्रित अतिथि उपस्थित बच्चों को पढ़ाई के महत्व और प्रेरणादायी कहानियाँ सुनायेंगे। इस दौरान सामाजिक संस्था एवं आमंत्रित व्यक्ति स्वेच्छा से विद्यार्थियों को शाला उपयोगी वस्तुएँ भेंट कर सकेंगे। जिला कलेक्टर को जिले के प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों को किसी एक शाला में जाकर एक कालखण्ड में बच्चों के साथ संवाद करने के लिये संवाद करने के भी निर्देश दिये गये हैं।

**सांस्कृतिक एवं खेल-कूद गतिविधियाँ-**

स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत 3 अप्रैल को शाला स्तर पर पालकों के साथ सांस्कृतिक एवं खेल-कूद की गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी। इसका उद्देश्य पालकों का विद्यालय से जुड़ाव करना है। इसी दिन शाला में उपस्थित पालकों को शैक्षणिक स्टॉफ द्वारा राज्य सरकार की स्कूल शिक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। पिछले शैक्षणिक सत्र में जिन विद्यार्थियों की 85 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति रही है, उनके पालकों को सभा में सम्मानित किया जायेगा।

**हार के आगे जीत-**

स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत 4 अप्रैल को ऐसे छात्रों को चिन्हित किया जायेगा, जो किन्हीं वजहों से कक्षोन्नति प्राप्त करने में असफल हो गये हैं। पालकों को इन बच्चों की आगे की पढ़ाई के लिये समझाइश दी जायेगी। उन्हें बताया जायेगा कि असफल होने के बाद भी लगातार प्रयास से अच्छा भविष्य तैयार किया जा सकता है। इसी दिन शाला प्रबंधन और विकास समिति की बैठक भी होगी। बैठक में नये शैक्षणिक सत्र में ऐसे बच्चों पर विशेष रूप से चर्चा की जायेगी, जिनका शालाओं में नामांकन नहीं हो पाया है। समिति के सदस्य अपने विद्यालयों में शत-प्रतिशत बच्चों के नामांकन की कोशिश करेंगे और वार्षिक कार्ययोजना बनाकर उसके क्रियान्वयन पर चर्चा करेंगे।

# हर घर पानी को लेकर ग्राम पंचायत बलगहा में नल जल योजना का क्षेत्रीय विधायक ने किया निरीक्षण

**कई स्थानों पर पाइपलाइन जर्जर, तत्काल ठीक कराए जाने के लिए निर्देश**



**अमानगंज। मध्य प्रदेश राज्य शासन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी जिला ईकाई पन्ना निर्देशन में राज्य और केंद्र सरकार के विशेष मार्गदर्शन और पैकेज के अंतर्गत हर घर पानी घर-घर पानी देने के उद्देश्य को लेकर गांव-गांव पानी की टंकी और पाइपलाइन का विस्तारीकरण तेजी से किया जा रहा है।**

इस विषय के अंतर्गत पन्ना जिले के अमानगंज तहसील क्षेत्र के गांव बलगहा मैं यह योजना पूरी तरह तैयार है पर मैदानी स्तर पर इसका कितना समुचित लाभ आम जनता को मिलता है इस बात का जायजा लेने पन्ना जिले की गुन्नौर विधानसभा के ऊर्जावान विधायक डॉ राजेश जी वर्मा ग्राम पंचायत बलगहा मुख्यालय अचानक अपनी टीम के साथ पहुंचे जहां पानी की टंकी से लेकर सारी लाइन का निरीक्षण उन्होंने पंचायत सरपंच सचिव सहायक सचिव पंचगन आम जनता के साथ किया जहां पाइप लाइन कईं स्थान पर जर्जर मिली निरीक्षण की जानकारी लगते ही विभाग के एसडीओ उपयंत्री और ठेकेदार मौके पर पहुंचे जिन्हे विधायक ने समुचित लाइन मजबूत करने के साथ ही हैंडोवर करने की बात कही। मौके पर ज्ञात हुआ कि ठेकेदार द्वारा पंचायत सरपंच को पहले ही हैंडोवर की जा रही थी लेकिन यह नल जल योजना से जुड़ी व्यवस्था पर सरपंच इंदर सिंह का कहना था की लाइन पूरी तरह मजबूत हो और सारा काम मजबूती से दिया जाए तभी पंचायत लेगी और सरपंच के विशेष निवेदन पर क्षेत्रीय विधायक आज अपनी टीम के साथ पहुंचे। इस मौके पर गांव से नाथू सिंह राजपूत आनंद सिंह लल्लू लाल रावत उदय सिंह सुजय सिंह लकी राजा नीरज राजा सहित संगठन के तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक राजेश जी वर्मा का कहना था कि देश की ऊर्जावान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घर-घर पानी हर घर पानी देने के उद्देश्य से करोड़ों अरबो रुपए जनता के लिए मैदान में दे रहे हैं यदि काम सही तरीके से नहीं किया गया तो मजबूती से कार्रवाई की जाएगी।

## उप सरपंच कामताना बबलू प्यासी के निधन पर शोकाकुल परिवार के बीच पहुंचे क्षेत्रीय विधायक



विगत दिनों अचानक पेट में दर्द होने के चलते कमताना ग्राम के उप-सरपंच व भाजपा के कार्यकर्ता श्री कृष्ण कुमार प्यासी (बबलू भैया) का दुखद निधन हो गया था जिसके चलते संपूर्ण क्षेत्र में शोक की लहर थी इसी उपरांत आज क्षेत्र के विधायक डॉ राजेश वर्मा उनके पैतृक निवास ग्राम कामताना पहुंचकर दुखित परिवार जनों से मिले एवं उनका डंडा से बधाया, जैसा की बता दें बबलू भैया भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लगनशील मेहनती कार्यकर्ता थे उनके जाने से बहुत बड़ी छती हुई है, जहां दुखित परिवार के बीच पहुंचकर विधायक श्री वर्मा ने परिजनों के साथ संवेदनाएं व्यक्त कीं। उनके साथ में मंडल अध्यक्ष डॉक्टर प्रशांत चतुर्वेदी पत्रकार राजदीप गोस्वामी एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### दो वर्षीय मासूम बच्ची की मौत, मामला संदिग्ध



**छतरपुर।** नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सुकवां में दो वर्षीय मासूम बच्ची की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। बच्ची के परिजनों और गांव के लोगों द्वारा मौत की अलग-अलग वजह बताई गई है। बहरहाल बच्ची के शव का शुक्रवार को जिला अस्पताल से पोस्टमार्टम के लिए नौगांव भेजा गया है। ग्राम सुकवां निवासी मुन्ना कुशवाहा ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े 7 बजे परिवार के उमेश कुशवाहा की 2 वर्षीय पुत्री खुशी कुशवाहा घर की छत से गिरकर घायल हो गई थी। घटना के बाद खुशी को नौगांव अस्पताल ले जाया गया था लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में डॉ. अरविंद सिंह ने जांच के बाद बच्ची को मृत घोषित कर दिया। डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए सीएचसी नौगांव भेजा गया है। वहीं दूसरी ओर सुकवां गांव से जानकारी मिली है कि बच्ची की मौत छत से गिरने के कारण नहीं बल्कि ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आने से हुई है, जो कि उसका पिता उमेश चला रहा था। बच्ची की मौत के सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आएंगे।

### खेत में मिले गांजा के चार सैकड़ा पेड़



मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने की छापामार कार्रवाई


**छतरपुर।** शुक्रवार की दोपहर में सिविल लाइन थाना पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। दरअसल सिविल लाइन पुलिस ने थाना क्षेत्र के एक खेत से गांजा के चार सैकड़ा पेड़ जप्त किए हैं। पुलिस ने दो युवकों को अभिरक्षा में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। वहीं कार्रवाई के दौरान कुछ महिलाएं पुलिस का विरोध कर रहीं थीं जिसके चलते उन्हें भी अभिरक्षा में लेना पड़ा। सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने बताया कि थाना क्षेत्र के सटई रोड पर स्थित यादव कॉलोनी के एक खेत में गांजा की अवैध खेती किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर संबंधित खेत पर दबिश दी गई, जहां पुलिस को गांजा के छोटे-बड़े 400 पेड़ मिले हैं। गांजा के पेड़ों को कटवाकर जप्त कर लिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रकरण में बाबू लाल यादव और अनिल सोनी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की जा रही है। कार्रवाई के दौरान कुछ महिलाएं पुलिस का विरोध कर रहीं थीं, जिन्हें शांत करने के लिए मौके पर मौजूद महिला पुलिसकर्मियों ने उन्हें अभिरक्षा में लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ में जो भी तथ्य सामने आएंगे उस आधार पर मामला पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मंदिर के पास मिला भ्रूण, गांव में फैली सनसनी



**हरपालपुर।** थाना क्षेत्र की काकुनपुरा चौकी क्षेत्र के मड़ोरी गांव में मंदिर के पास भ्रूण मिलने से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। गांव वालों ने तुरंत पुलिस को मामले की जानकारी दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर जांच के लिए भेजा, साथ ही मामले की जांच शुरु की। काकुनपुरा चौकी प्रभारी राजेन्द्र बागरी ने बताया कि मड़ोरी गांव के बड़ी माता मंदिर के पास शुक्रवार की सुबह गांव के लोगों को भ्रूण दिखाई दिया था, जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि भ्रूण 6 से 7 माह का प्रतीत हो रहा है। चूंकि गांव में इससे पहले कभी इस तरह की घटना नहीं हुई है जिस कारण से तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं और उक्त अमानवीय कृत्य करने वाले को पकडऩे की मांग की जा रही है। चौकी प्रभारी ने बताा कि भ्रूण को डीएनए टेस्ट के लिए भेजा गया है। साथ ही गांव के लोगों से पूछताछ कर साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे हैं।

### पानी से भरे गड्ढे में डूबी 7 साल की मासूम, मौत



**छतरपुर।** बमीठा थाना क्षेत्र के शिवराजपुर गांव में एक 7 साल की मासूम बच्ची की पानी से भरे गड्ढे में डूबने के कारण मौत का मामला सामने आया है। बताया गया है कि पन्ना-छतरपुर हाईवे के किनारे से सड़क का निर्माण करने वाली एक कंपनी ने मिट्टी निकाली थी, जिससे गहरा गड्ढा बन गया था। बारिश का पानी इस गड्ढे में जमा था, जिसमें बच्ची खेलते वक्त डूब गई।

शिवराजपुर निवासी रामगोपाल प्रजापति ने बताया कि परिवार के लोग खेतों की कटाई कर रहे थे। उसकी 7 वर्षीय बेटी सान्वी पास में ही खेल रही थी। इसी दौरान सान्वी पानी से भरे गड्ढे में गिरकर डूब गई। कुछ समय बाद जब परिवार के लोगों ने उसकी तलाश की तो सान्वी गड्ढे में दिखाई दी। आनन-फानन में सान्वी को गड्ढे से बाहर निकालकर चंद्रनगर उपस्वास्थ्य केन्द्र ले गाया गया। चिकित्सकों ने उसे तत्काल ही जिला अस्पताल रेफर कर दिया था, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने सान्वी को मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### पड़ोसियों के बीच चले ईंट-पत्थर, वायरल हुआ वीडियो



**छतरपुर।** शहर में शुक्रवार की सुबह दो पड़ोसी परिवारों के बीच विवाद होने का मामला सामने आया है। दरअसल सुबह के वक्त सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें दो पड़ोसी परिवारों के बीच गाली-गलौज के साथ ईंट-पत्थर चल रहे थे। वायरल वीडियो शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र की पुरानी गैस एजेंसी के पास का बताया जा रहा है, जहां के रहने वाले दो परिवारों के बीच पहले से विवाद चल रहा है। इसी के चलते सोमवार की सुबह दोनों परिवारों में बहस शुरु हुई थी। बहस इतनी बढ़ी कि बात गाली-गलौज और ईंट-पत्थर तक पहुंच गई। वीडियो में दिख रहा है कि एक परिवार के लोग नीचे से गालियां दे रहे हैं और दूसरे परिवार के लोग छत से ईंट-पत्थर बरसा रहे हैं। बहरहाल वीडियो वायरल होने के बाद कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर जांच शुरु की है।

## 30 मार्च से 30 जून तक चलेगा जल गंगा संवर्धन अभियान

# अभियान में एक दर्जन से अधिक विभागों की होगी सहभागिता

### कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए जल संरक्षण कार्य करने के निर्देश

छतरपुर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दूरदर्शी सोच के साथ मध्यप्रदेश में वर्षा जल की बूंद-बूंद बचाने का जल गंगा संवर्धन महा अभियान गुड़ी पड़वा के दिन 30 मार्च 2025 से शुरू होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन स्थित क्षिप्रा तट पर वरुण (जल देवता) पूजन और जलाभिषेक के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान का विधिवत शुभारंभ करेंगे। यह प्रदेशव्यापी अभियान ग्रीष्म ऋतु में 30 जून 2025 तक 90 दिन से अधिक समय तक लगातार चलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव हर दिन एक छोटी-बड़ी जल संरचना को लोकार्पित करेंगे। पानी की बूंद-बूंद बचाएं, तभी हमारी सांसें बचेंगी।

कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने जिला पंचायत सभा कक्ष में आयोजित बैठक में जनपदों, नगरीय निकायों, जनअभियान परिषद सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल गंगा जल संवर्धन अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में दिशा निर्देश दिए। साथ ही जल संरक्षण और जल संवर्धन के विशेष कार्य किए जाने के निर्देश दिए। जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जन भागीदारी से जल संरक्षण और संवर्धन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अंतर्गत समाज की भागीदारी और विभिन्न सहभागी विभागों की समेकित पहल से मुख्यतः नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण, भूजल, संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ-सफाई व जीर्णोद्धार, मरम्मत, जल स्त्रोतों में प्रदूषण के स्तर का कम करने, जल वितरण की संरचनाओं की साफ सफाई तथा मानसून में किए जाने वाले पौधारोपण हेतु आवश्यक तैयारियों के कार्य प्राथमिकता पर किए जाएंगे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने निर्देश दिए कि अभियान में समाज की सहभागिता के लिए जन जागरूकता हेतु विविध कार्यक्रमों का आयोजन और कार्य भी किए जाए। जिससे यह अभियान समाज और सरकार की साझेदारी से जल संरक्षण व संवर्धन का जन आंदोलन बन सके। हमारी धरा के कुल जल का केवल एक छोटा हिस्सा ही पीने योग्य स्वच्छ जल के रूप में उपलब्ध है। पृथ्वी के कुल जल का लगभग 97 प्रतिशत महासागरों में खारा जल है, जो पीने योग्य नहीं है। शेष 3 प्रतिशत मीठा जल है, लेकिन इसमें से भी अधिकांश हिमखंडों और बर्फ की चोटियों में जमा है। सिर्फ 0.5 प्रतिशत से भी कम पानी झीलों, नदियों और भूजल के रूप में उपलब्ध है, जिसे हम उपयोग कर सकते हैं। पृथ्वी पर स्वच्छ और पीने योग्य पानी की मात्रा बहुत ही सीमित है और इसे संरक्षित करना बेहद ज़रूरी है। इसीलिए मध्यप्रदेश सरकार ने जल बचाने के लिए कदम बढ़ाये हैं।

### नागरिकों के सहयोग से जल संरक्षण अभियान बनेगा जन-आंदोलन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जल संचय की विभिन्न गतिविधियां संचालित करने जैसे - पौध-रोपण, जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन, ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम चलाने, स्कूलों में बच्चों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने, ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब, नदियों पर छोटे बांध निर्माण एवं नदियों के संरक्षण के लिए जलधारा के आसपास फलदार पौधों के रोपण और जैविक खेती को प्रोत्साहित करने, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के प्रमुख चौराहों पर प्याऊ की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रदेश के सभी नागरिकों से भी अपील की है कि वे जल संरक्षण की दिशा में सक्रिय योगदान दें और प्रदेश में अभियान के दौरान इसे एक को जन-आंदोलन बनाएं।

### जल गंगा संवर्धन अभियान में होंगे कई महत्वपूर्ण कार्य

पंचायत स्तर पर तालाबों के निर्माण, वन्य जीवों के लिए वन क्षेत्र और प्राणी उद्यानों में जल संरचनाओं के पुनर्विकास के कार्य किये जायेंगे। अभियान के 90 दिनों में प्रदेश की 90 लघु एवं मध्यम सिंचाई परियोजनाओं का लोकार्पण होगा। नदियों में जलीय जीवों को पुनरस्थापित करने की संभावनाएं तलाशेंगे। लघु एवं सीमांत किसानों के लिए 50 हजार नए खेत-तालाब बनाए जाएंगे। ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व के तालाबों, जल स्त्रोतों एवं देवालयों में कार्य किए जाएंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग 1000 नए तालाबों का निर्माण करेगा। प्रदेश की 50 से अधिक नदियों के वॉटर शेड क्षेत्र में जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य होंगे। नदियों की जल धाराओं को जीवित रखने के लिए गेबियन संरचना, ट्रेंच, पौध-रोपण, चेकडैम और तालाब निर्माण पर जोर दिया जायेगा। नर्मदा परिक्रमा पथ का चिन्हांकन कर जल संरक्षण एवं पौध-रोपण की कार्य योजना तैयार होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में पानी चौपाल आयोजित होंगी। स्थानीय लोगों को जल संरचनाओं के रख-रखाव की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। प्रत्येक गांव से 2 से 3 महिला-पुरुष का चयन कर प्रदेश में 1 लाख जलदूत तैयार किए जाएंगे। सीवेज का गंदा पानी जल स्त्रोतों में न मिले, इसके लिए सोख पिट निर्माण को प्रोत्साहित किया जाएगा। नहरों के संरक्षण, जलाशयों से रिसाव रोकने, तालाबों की पिचिंग, बैराज मरम्मत कार्य होंगे। नगरीय विकास एवं आवास विभाग 54 जल संरचनाओं के संवर्धन का कार्य करेगा। नहरों को मार्क कर विलेज-मेप पर शासकीय नहर के रूप में अंकित किया जाएगा। बांध तथा नहरों को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। करीब 40 हजार किलोमीटर लंबी नहर प्रणाली के सफाई कार्य। फ्लशबार की मरम्मत कार्य किए जाएंगे। स्लूस-वैल की सफाई कार्य भी इसी अभियान के दौरान होंगे। सदानीरा फिल्म समारोह, जल सम्मेलन, प्रदेश की जल परंपराओं पर आख्यान, चित्र प्रदर्शनी समेत विभिन्न आयोजन किये जायेंगे।

## अभिभावकों को लूट से बचाने जिला प्रशासन लगाएगा पुस्तक मेला

### डीपीसी ने कहा- दबाव बनाने वाले निजी विद्यालयों की मान्यता रद्द होगी



**छतरपुर।** हर वर्ष नवीन शिक्षण सत्र के प्रारंभ में कॉपी-किताबों के नाम पर निजी विद्यालयों द्वारा अभिभावकों से की जाने वाली लूट पर लगाम लगाने की मंशा से इस बार जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने मास्टर प्लान तैयार किया है। दरअसल इस वर्ष शिक्षा विभाग द्वारा जिला मुख्यालय पर पुस्तक मेला लगाया जा रहा है जहां से अभिभावक उचित दामों पर अपने बच्चों के लिए किताबें खरीद सकेंगे। इसके बावजूद भी अगर कोई निजी विद्यालय अभिभावकों पर दबाव बनाता है तो उसकी मान्यता रद्द होगी। डीपीसी अरुण शंकर पांडे ने बताया कि पिछले कई वर्षों से नवीन शिक्षण सत्र प्रारंभ होते ही निजी स्कूलों द्वारा स्कूल अथवा उनके द्वारा बताई गई दुकानों से किताबें खरीदने के लिए अभिभावकों को मजबूर किए जाने की शिकायतें सामने आ रही थीं, जिसको ध्यान में रखते हुए कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में पुस्तक मेला लगाने का निर्णय लिया गया है। श्री पांडे ने बताया कि उक्त पुस्तक मेले का शुभारंभ 1 अप्रैल 2025 को जिला पंचायत कार्यालय के बाहर मेला ग्राउंड में किया जाएगा। पुस्तक मेला 7 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें कक्षा 1 से 12 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए एनसीईआरटी की पुस्तकें उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों के लिए पुस्तक मेले से उचित दामों पर किताबें खरीदें। डीपीसी ने यह भी कहा कि यदि कोई विद्यालय पुस्तक मेले से खरीदी गई किताबों को मान्य करने में आनाकानी करता है और इस संबंध में विभाग को शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित विद्यालय की मान्यता रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।

## कमिश्नर ने छतरपुर सीएमएचओ को किया निलंबित

### व्यापक अनियमितताओं के बाद कलेक्टर ने भेजा था प्रतिवेदन



**छतरपुर।** स्वास्थ्य विभाग के कार्यों में व्यापक अनियमितताएं और नियम विरुद्ध तरीके से कार्य करने की शिकायतें सही पाए जाने के बाद बीते रोज छतरपुर कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने सीएमएचओ पर कार्रवाई का प्रतिवेदन सागर कमिश्नर को भेजा था। कलेक्टर के प्रतिवेदन को संज्ञान में लेकर सागर कमिश्नर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने छतरपुर सीएमएचओ डॉ. आरपी गुप्ता को निलंबित कर दिया है।

कमिश्नर कार्यालय सागर से शुक्रवार को जारी हुए निलंबन आदेश में उल्लेख है कि छतरपुर सीएमएचओ डॉ. आरपी गुप्ता पर सेडमेप की आड़ में वल्ड क्लास सर्विसेज इंदौर से मिलीभगत कर अवैधानिक तरीके से 170 आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया में भंडार क्रय नियमों का पूर्णतः उल्लंघन किए जाने, पूर्व में कार्यरत आउटसोर्स एजेंसी वल्डक्लास सर्विसेस लिमिटेड का कार्य संतोषप्रद न होने पर भी सेडमेप को अनुशंसा पत्र दिए जाने, शासन के नियमों के विपरीत स्वास्थ्य समिति तथा कलेक्टर के अनुमोदन के बिना डॉ. कृष्णप्रताप सिंह चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़ामलहरा के विरूद्ध लोकायुक्त में दर्ज शिकायत की जांच प्रचलित होने के बावजूद खण्ड चिकित्सा अधिकारी बड़ामलहरा और डॉ हरगोविन्द सिंह राजपूत चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़ामलहरा को खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़ामलहरा का प्रभार सौंपने और कलेक्टर द्वारा विभागीय बैठकों में बार-बार निर्देश देने जाने के बावजूद आयुष्मान कार्य (70+ वंदना योजना) में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति न लाये जाने के आरोप लगे थे। 12 मार्च को कलेक्टर छतरपुर ने डॉ गुप्ता के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव कमिश्नर कार्यालय भेजा था। प्रस्ताव मिलने के बाद 18 मार्च को सीएमएचओ डॉ. आरपी गुप्ता से नियत समयावधि में आरोपों पर जवाब मांगा गया। 26 मार्च को डॉ. गुप्ता ने जो जवाब दिया वह समाधानकारक नहीं पाया गया। 27 मार्च को कलेक्टर छतरपुर ने डॉ आरपी गुप्ता के विरूद्ध तत्काल अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने का प्रस्ताव भेजा और इसके बाद 28 मार्च यानि की शुक्रवार को डॉ गुप्ता द्वारा किए गए कार्यों को पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही, अनुशासनहीनता व स्वेच्छाचारिता का द्योतक मानते हुए सागर कमिश्नर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में डॉ गुप्ता का मुख्यालय कार्यालय क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवायें, सागर संभाग सागर नियत किया गया है।

## नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया युवक



रैकवार मांझी समाज ने एसपी ऑफिस में दिया ज्ञापन

**छतरपुर।** ओरछा रोड थाना क्षेत्र के ग्राम चौकी पुरवा की रहने वाली एक नाबालिग किशोरी को गांव का ही 24 वर्षीय युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले भागा है। लगभग 15 दिन बाद भी मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने से रैकवार मांझी समाज में आक्रोश है। शुक्रवार को समाज द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ज्ञापन देकर लड़की की तलाश और युवक पर कार्रवाई की मांग की गई।

मांझी समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुंदरलाल रैकवार ने बताया कि ओरछा रोड थाना क्षेत्र के गांव चौकी पुरवा निवासी रैकवार परिवार की नाबालिग बेटी को गांव का सेतु कुशवाहा बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। मामले की लिखित शिकायत करने के बाद भी ओरछा रोड थाना पुलिस द्वारा किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित परिवार का यह भी आरोप है कि गांव में सेतु कुशवाहा के परिजन जान से मारने की धमकी दे रहे हैं जिस कारण उनका परिवार दहशत में है। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि आरोपी पर कानूनी कार्रवाई की जाए और नाबालिक बेटी को खोजकर परिवार के हवाले किया जाए।

**नौगांव में लड़कियों के प्यार ने तोड़ी हर बंदिश...!**

## जिले में पहली बार हुआ समलैंगिक विवाह, परिवार ने किया स्वागत

नौगांव



कहते हैं कि प्यार ना जाति देखता है, ना लिंग, प्यार तो बस हो जाता है। ऐसा ही मामला सामने आया है जिले की नौगांव जनपद के ग्राम दौरिया से जहां दो लड़कियों ने समाज की हर बंदिश को तोड़ते हुए समलैंगिक विवाह किया है। अच्छी बात यह है कि लड़कियों के परिवार वालों ने भी इस बार कोई आपत्ति नहीं जताई है, परिवार ने लड़कियों की खुशी को तवज्जो देकर उनका स्वागत किया है। उल्लेखनीय है कि छतरपुर जिले में यह पहला मामला है, जब खुलेआम किसी ने समलैंगिक विवाह किया है। मामला सामने आने के बाद लड़कियों की प्रेम कहानी सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय भी बनी हुई है।

**गुमशुदगी से शादी तक अनोखे प्यार की दास्तान**

प्राप्त जानकारी के मुताबिक 21 मार्च को दौरिया गांव की रहने वाली 23 वर्षीय सोनम यादव अचानक लापता हो गई थी। परिवार के लोगों नौगांव थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई, पुलिस ने मोबाइल ट्रेस किया तो पता चला कि सोनम कानपुर में है। बाद में परिवार के लोगों का उससे संपर्क भी हो गया। सोनम ने कुछ दिन बाद घर वापिस आने की बात कही, लेकिन जब वह वापिस दौरिया गांव पहुंची तो अकेली नहीं थी, उसके साथ एक और लड़की थी। पहले तो परिजनों और गांव के लोगों को कुछ समझ में नहीं आया लेकिन इसके बाद सोनम ने जो बात बताई उसे सुनकर हर कोई चौंक गया। दरअसल सोनम ने बताया कि दूसरी लड़की का नाम मानसी (अलका) बर्मन है, जिससे उसकी दोस्ती इंस्टाग्राम (सोशल मीडिया) पर हुई थी। दोनों के बीच गहरी दोस्ती होने के बाद लैंगिक भावनाएं मिलने के कारण दोनों एक-दूसरे से प्यार करने लगीं। सोनम ने परिवार को बताया कि वे दोनों शादी करना चाहती है। सोनम की बात को ठीक से सुनने और समझने के बाद परिवार ने बिना किसी हिचकिचाहट के रिश्ता स्वीकार कर लिया। परिवार दोनों लड़कियों को विवाह के बंधन में बांधने के लिए मंदिर पहुंचे लेकिन मंदिर प्रशासन ने समलैंगिक विवाह की अनुमति देने से इंकार कर दिया। हालांकि परिवार इससे बिल्कुल विचलित नहीं हुआ और समझदारी दिखाते हुए नौगांव थाने पहुंच गया, जहां पुलिस की मौजूदगी में सोनम और मानसी ने एक-दूसरे को माला पहनाकर शादी कर ली। वहीं पुलिस ने दोनों लड़कियों के बयान भी दर्ज किए।

### परिवार ने बेटियों का स्वागत कर बदला समाज का नजरिया

समलैंगिक विवाह करने के बाद जब नवविवाहित जोड़ा दौरिया गांव पहुंचा, तो परिवार ने हिंदू रीति-रिवाज से दोनों का गृह प्रवेश कराया। इस विवाह में सोनम को दूल्हे और मानसी को दुल्हन का दर्जा दिया गया है। सोनम के परिवार ने कहा कि यह बेटी की पसंद है, वह जिसके साथ रहककर खुश है, उसी में हम भी खुश हैं। समलैंगिक विवाह से उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। सोनम के परिवार की इस सोच ने न केवल लड़कियों को खुशी दी है बल्कि समाज को भी एक नया नजरिया दिया है। विवाह और घर पर स्वागत के बाद सोनम और मानसी, असम चली गईं है। परिवार ने बताया कि दोनों असम की एक फैक्टरी में काम सीखने गई हैं। जल्द ही अपने गांव वापिस लौटकर नया जीवन शुरू करेंगी।

**कर्मकांडी ब्राह्मण की हत्या के मामले में नहीं पकड़े गए सभी आरोपी**

## ब्राह्मण समाज ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सौंपा ज्ञापन



**छतरपुर।** गत 6 मार्च को छतरपुर निवासी एक कर्मकांडी ब्राह्मण की हत्या कर दी गई थी, जिसके मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। चूंकि हत्या में और भी आरोपी शामिल थे, जिनकी गिरफ्तारी अब तक नहीं हुई है। शेष आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने की मांग करते हुए शुक्रवार को ब्राह्मण समाज ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है। छतरपुर के बंधियन मोहल्ला निवासी उमाशंकर अवस्थी ने बताया कि उसके पिता सुरेशचंद अवस्थी कर्मकांडी ब्राह्मण थे। 6 मार्च को वह ग्राम चौकी पुरवा विवाह कराने के लिए गए थे, जहां राजेश यादव ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके पिता की हत्या कर दी थी। उमाशंकर के मुताबिक पहले उसे बताया गया था कि उसके पिता की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हुई है लेकिन जब उसने पिता के शव को देखा तो शरीर पर चोट के निशान मिले जिससे स्पष्ट था कि उन्हें पीट-पीटकर मौत के घाट उतारा गया है। इसके बाद परिजनों ने चक्काजाम किया और ओरछा रोड थाना में राजेश यादव सहित उसके दो अन्य साथियों पर हत्या का मामला दर्ज कराया। उमाशंकर ने बताया कि पुलिस ने राजेश यादव को तो गिरफ्तार कर लिया है लेकिन उसके साथी प्रमोद यादव और मुकेश यादव अब भी फरार हैं। उमाशंकर ने शेष आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने की मांग की है। सीएसपी अमन मिश्रा ने बताया कि प्रकरण के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, शेष आरोपियों की तलाश जारी है। उन्हें भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## एनसीएल के केंद्रीय अस्पताल, सिंगरौली ने "टीबी मुक्त भारत" अभियान के तहत ग्राम खिरवा में लगाया निक्षय जांच शिविर



**सिंगरौली।** शुक्रवार को एनसीएल के केंद्रीय अस्पताल, सिंगरौली ने "टीबी मुक्त भारत" अभियान एवं '100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान' के तहत ग्राम खिरवा में निक्षय जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान केंद्रीय अस्पताल, सिंगरौली से चिकित्सकों की टीम के द्वारा उपस्थित लोगों के स्वास्थ्य की टीबी संबंधित लक्षणों के आधार पर जांच की गई। शिविर में 80 से अधिक ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण करवा लाभ उठाया।इसके अलावा एक टीबी जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। एनसीएल के सेंट्रल हॉस्पिटल , सिंगरौली द्वारा यह रैली आस-पास के क्षेत्र में टीबी मुक्त भारत अभियान संबंधी जागरूकता फैलाने एवं इस अभियान में जन भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित की गयी। इस रैली के माध्यम से टीबी के लक्षण, टीबी की रोकथाम, शीघ्र निदान और उपचार से संबन्धित आवश्यक जानकारी प्रदान की गयी। एनसीएल द्वारा आयोजित टीबी जागरूकता रैली में बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थियों एवं केंद्रीय अस्पताल, सिंगरौली की टीम ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर सीएमएस, केंद्रीय चिकित्सालय, सिंगरौली, डॉ. मंजरी मेहता एवं डॉ. अनीता कुमारी, डॉ. राज कुमार, डॉ. ओम शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। गौरतलब है कि भारत सरकार द्वारा देशभर में टी. बी. मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों में क्षय रोग संबंधी जागरूकता कार्यक्रम जैसे रैली, टीबी जांच शिविर एवं अन्य कार्यक्रमों का वृहद स्तर पर आयोजन किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### नारेन्द्र नगर अमहिया में अवैध चाकू लेकर घूम रहे आरोपी के विरुध्द की गई आर्म्स एक्ट की कार्यवाही

**रीवा।** पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह रीवा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर के निर्देशन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक डा. रितु उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमहिया उनि शिवा अग्रवाल स्टाप के साथ मिलकर नारेन्द्र नगर में अवैध चाकू लेकर घूम रहे आरोपी नन्दू उर्फ कृष्णा कोल के विरुध्द आर्म्स एक्ट की कार्यवाही की गई। नारेन्द्र नगर अमहिया रीवा में अवैध चाकू लेकर घूम रहे आरोपी नन्दू उर्फ कृष्णा कोल पिता शंकर कोल उम्र 19 वर्ष निवासी पीके स्कूल के पीछे उर्रहट रीवा थाना अमहिया जिला रीवा के विरुध्द आर्म्स एक्ट की कार्यवाही की गई। आरोपी से एक अदद लोहे का चाकू जप्त किया गया मुख्य भूमिका थाना प्रभारी अमहिया शिवा अग्रवाल, सउनि धनेश पाण्डेय, आर0 पीयूष मिश्रा, आर0 विकास तिवारी,आर0 विवेक सिंह आर0 धर्मेंद्र पटेल की मुख्य भूमिका रही।

### पुस्तक मेले में तय दर पर मिलेंगी किताबें और गणवेश

**रीवा ।** नया शिक्षा सत्र एक अप्रैल से आरंभ हो रहा है। जिले में संचालित सभी स्कूलों के विद्यार्थियों को निर्धारित दर पर किताबें और गणवेश उपलब्ध कराने के लिए पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता ने बताया कि पुस्तक मेला शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मार्तण्ड क्रमांक तीन झिरिया में दो एवं तीन अप्रैल को आयोजित होगा। इसमें जिले के सभी पुस्तक, स्टेशनरी और गणवेश विक्रेता शामिल होंगे। सभी दुकानदारों को पंजीयन कराने के बाद दुकान लगाने की सुविधा दी जाएगी। पंजीकृत दुकानों से निर्धारित दर पर विद्यार्थियों को किताबें तथा अन्य स्टेशनरी प्राप्त होगी। इन दुकानों से निर्धारित दरों पर ही गणवेश भी प्राप्त होंगे। पुस्तक मेले में सभी मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों की किताबें और गणवेश उपलब्ध रहेंगी। अभिभावक पुस्तक मेले के माध्यम से रियायती दर पर गणवेश और किताबें खरीद सकते हैं।

### गेहूं उपार्जन के लिए 142 नोडल अधिकारी तैनात, किसानों से अतिरिक्त राशि की मांग करने वालों पर करें कार्यवाही - कलेक्टर

**रीवा ।** जिले भर में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में शासन द्वारा घोषित समर्थन मूल्य 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेंहू का उपार्जन शुरू हो गया है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने गेंहू उपार्जन की निगरानी के लिए प्रत्येक खरीदी केन्द्र में दो नोडल अधिकारी तैनात किए हैं। संबंधित क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी तथा पटवारी की तैनाती नोडल अधिकारी के रूप में की गई है। कलेक्टर ने कहा है कि सभी नोडल अधिकारी तैनाती के खरीदी केन्द्र में उपार्जन संबंधी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। किसानों के लिए छाया, पानी, ठहरने, अनाज को साफ करने तथा तौल करने के लिए की गई व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। किसानों से यदि कोई व्यक्ति उपार्जन केन्द्र में गेंहू भरने, तौल करने, सिलाई करने तथा स्टेगिंग करने के लिए अतिरिक्त राशि की मांग करता है तो उसके विरूद्ध तत्काल कार्यवाही प्रस्तावित करें। खरीदी केन्द्रों में शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप अच्छी गुणवत्ता के गेंहू का ही उपार्जन कराएं। उपार्जित गेंहू के व्यवस्थित तरीके से तथा सुरक्षित भण्डारण की व्यवस्था करें। खरीदी केन्द्र में किसी भी तरह की कठिनाई आने पर संबंधित क्षेत्र के एसडीएम, उप संचालक कृषि, जिला महाप्रबंधक सहकारी बैंक, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम तथा जिला आपूर्ति अधिकारी को सूचना दें। केवल पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर गेंहू का उपार्जन किया जाएगा।

## नगर निगम के 660 करोड़ के बजट को परिषद ने दी मंजूरी, नगर सरकार रही गायब, विपक्ष ने चलाई परिषद, नहीं पहुंचे महापौर और ना ही सत्ता पक्ष की पार्षद



रीवा

नगर निगम रीवा का 14वां स्थगित साधारण सम्मिलन 27 मार्च 2025 को 11.30 बजे निगम अभक्ष वकटेश पाण्डेय की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। एक दिवस पूर्व परिषद की बैठक में बजट पर चर्चा के दौरान हुए बवाल के बाद सत्ता पक्ष कांग्रेसी पार्षदों सहित महापौर और एमआईसी सदस्यों ने बैठक में सम्मिलित नहीं हुए, सत्ता पक्ष के बैठक में नहीं आने से भाजपा के पार्षदों ने ही आपस में चर्चा की और बजट को लेकर प्रतिक्रियाएं जाहिर की। वही इस दौरान भी शोर शराबा होता रहा और 660 करोड़ रुपए की आय और 673 करोड़ के अनुमानित व्यय वाले बजट को स्वीकृति दी गई। बजट पर चर्चा के दौरान भाजपा के पार्षदों ने जमकर महापौर एवं एमआईसी पर आरोप लगाए। कई मामलों में एमआईसी की गैर हाजिरी में आयुक्त सौरभ सोनवणे ने जवाब दिया। वही चर्चा के दौरान निर्दलीय पार्षद नम्रता सिंह ने पहड़िया कचरा क्लस्टर प्रोजेक्ट और शहर में ग्रीन स्पेस निर्माण के नाम पर व्यापक भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उनका कहना था कि इस मामले में सभी प्रमुख पक्ष आपस में मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों पर गंभीर आरोप लगाए। इसके बाद कई भाजपा पार्षदों ने उनके बयान पर आपत्ति जताई और कार्रवाई की मांग की। वही उनके द्वारा बोले गए शब्दों पर आपत्ति जाहिर करते हुए माफी मांगने की मांग की। इस पर स्पीकर ने पार्षद को सदन से निलंबित करते हुए बाहर जाने का निर्देश दिया, साथ ही कहा कि उनका व्यवहार संसदीय आचार संहिता के खिलाफ था। स्पीकर ने पार्षद ने अनुशासनहीनता पर अगले दो बैठकों के लिए निलंबित कर दिया, और बैठक से बाहर कर दिया गया। सिटिजन एप हुआ लॉन्च बैठक में चर्चा के दौरान पार्षदों द्वारा जनता को सीधे नगर निगम से जोड़ने वाले ऐप को लेकर बात सामने लाई गई जिसके बाद निगम आयुक्त ने सिटिजन एप की कॉपी उपलब्ध कराई, इसके बाद पार्षदों की सहमति से सिटीजन एप आम जनता के लिए समर्पित किया गया, उक्त व्यवस्था में निगम का कोई व्यय नहीं किया जा रहा है। उक्त एप से जनता घर बैठे अपनी समस्याओं का निराकरण करा सकेगी। पार्षदगणों द्वारा दिये गये सुझावों, संशोधनों एवं प्रावधानों का सम्मिलित करते हुए सिटिजन ऐप आम जनता को समर्पित करते हुए वित्तीय वर्ष 2025-2026 का बजट उपस्थित पार्षदगणों की सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। बॉक्स पार्षद द्वारा लगाए गए आरोप के बाद भावुक हुए स्पीकरनिर्दलीय पार्षद नम्रता सिंह द्वारा चर्चा के दौरान निगम स्पीकर व्यंकटेश पांडेय पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाया गया जिसके बाद सदन में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। निर्दलीय पार्षद नसता सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि स्पीकर भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। इस पर भावुक होते हुए स्पीकर पांडेय ने बिना किसी ठोस प्रमाण के लगे आरोपों को खारिज किया। उन्होंने टेबल पर रखी पानी की बोतल उठाई और सबके सामने कसम खाई कि इन आरोपों से उनका कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि मेरे तीन बेटे पहले ही खत्म हो चुके हैं पूजा करने के बाद एक बेटा है अभी मैं उसकी कसम खाता हूं और कहा कि यदि आरोप सही हैं तो इसकी सजा केवल ईश्वर ही दे सकते हैं।स्पीकर के इस भावुक बयान के बाद भाजपा की महिला पार्षदों ने जोरदार विरोध जताया। कई महिला पार्षद आसंदी के पास पहुंचीं और मांग की कि निर्दलीय पार्षद को सदन से बाहर निकाला जाए। अध्यक्ष ने उनके इस विरोध को गंभीरता से लिया और अंततः उन्हें सदन से बाहर जाने का आदेश दिया।बॉक्स व्यक्त की गयी शोक संवेदनाबैठक के बाद शोक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जिसमें रवि सोनी मस्टर श्रमिक, राजीव खान आउटसोर्स कर्मचारी, पार्षद सूरज केवट के भाई, अतुल सिंह चौहान समयपाल के पिता अर्जुन सिंह चौहान तत्कालीन अध्यक्ष सुधार न्यास रीवा, आर.एस.आई. राजेन्द्र शुक्ला के असामयिक निधन पर परिषद द्वारा दुःख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

## स्त्री रोग विशेषज्ञों का महासम्मेलनः महिला स्वास्थ्य के प्रति एक सार्थक पहल एसोसिएशन आब्स्टेट्रिक्स एण्ड गायनोकोलाजी सोसायटी के तत्वाधान में स्त्री रोग विशेषज्ञों के सम्मेलन का उप मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा में आयोजित किया जा रहा स्त्री रोग विशेषज्ञों का महासम्मेलन महिला स्वास्थ्य के प्रति एक सार्थक पहल है। सम्मेलन में महिलाओं के स्वास्थ्य से संबंधित जटिल समस्याओं पर मंथन होगा और इससे निकलने वाले परिणाम मातृ मृत्यु दर व नवजात शिशु मृत्यु दर को कम करने में सहायक होंगे। एशोसियेशन आब्स्टेट्रिक्स एण्ड गायनोकोलाजी सोसायटी के तत्वाधान में देश, प्रदेश के स्त्री रोग विशेषज्ञों के महासम्मेलन में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि गर्भवती महिलाओं की गर्भवस्था संबंधी जटिलताओं, प्रसव की नई तकनीकों, मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के प्रभावी उपायों पर सम्मेलन में विचार विमर्श होगा और उसको सार्थक परिणाम सामने आयेंगे। उन्होंने कहा कि रीवा में चार दिनों तक आयोजित हो रहे इस आयोजन से यह परिलक्षित होता है कि स्त्री रोग विशेषज्ञ भी मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिये चितिंत है। गांव-गांव तक मिशन मोड में काम करते हुए महिलाओ के स्वास्थ्य के प्रति सार्थक पहल करनी होग। जनप्रतिनिधियों एवं समाज को भी आगे आना होगा तभी प्रदेश में मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकेगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीयन कराकर उनके स्वास्थ्य की नियमित जांच आवश्यक है। स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रत्येक माह की 9 एवं 25 तारीख को स्त्री विशेषज्ञ अनिवार्यतः उपस्थित रहकर गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य की जांच करें साथ ही मैदानी स्वास्थ्य आमला पूरी निष्ठा व समर्पण भाव से इसमें सहयोग करते हुए गर्भवती महिलाओं के परिजनों को भी जागरूक करें। सभी के समन्वित प्रयासों से ही प्रदेश में मातृ मृत्यु पर व शिशु मृत्यु दर कम हो पायेगी। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों की भर्ती जारी है। आने वाले समय में ग्रामीण क्षेत्रों में भी डाक्टर्स कालोनी बनाई जायेगी ताकि ग्रामीण क्षेत्र में सेवा दे रहे चिकित्सकों को असुविधा न हो। एशोसियेशन आब्स्टेट्रिक्स एण्ड गायनोकोलाजी सोसायटी की प्रदेश अध्यक्ष डा. कविता एन सिंह ने महासम्मेलन के उद्देश्यों के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश प्रदेश के स्त्री रोग विशेषज्ञ महिला स्वास्थ्य के लिये विचार प्रस्तुत करेंगे जिनके सार्थक परिणाम सामने आयेंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मीना भार्गव को लाइफ टाइम एचीवमेंट एवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. गीता वनर्जी, सुदीप्ति मिश्रा, डॉ. पद्मा शुक्ला, डॉ. कल्पना यादव, अधीक्षक डॉ. राहुल मिश्रा सहित देश, प्रदेश के ख्यातिलब्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्मारिका का विमोचन भी किया गया।

## मुख्यमंत्री ने संबल योजना की अनुग्रह राशि हितग्राहियों के खाते में की अंतरित

**रीवा जिले के 485 तथा मऊगंज जिले के 194 हितग्राहियों को लाभ मिलारीवा । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंगल क्लिक के माध्यम से श्रम विभाग के तहत संचालित मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के हितग्राहियों को अनुग्रह राशि उनके खातों में अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के 23162 मजदूर परिवारों को 505 करोड़ रूपये की अनुग्रह राशि बैंक खातों में अंतरित की। इस कार्यक्रम में रीवा जिले के 485 हितग्राहियों को एवं मऊगंज जिले के 194 हितग्राहियों को संबल राशि का हितलाभ प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री ने मंदसौर, खरगौन, शहडोल, दतिया और सीहोर जिले के अनुग्रह राशि सहायता से लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद भी किया।**





इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें। संबल योजना विषम परिस्थिति में परिवार के लिए सहारा बनती है। संवेदनशील सरकार जरूरतमंदों के साथ खड़ी है। उन्होंने श्रमवीरों का अभिनंदन करते हुए कहा कि अपने परिवार को आगे ले जाने का संकल्प पूरा करें। कार्यक्रम में श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल दिल्ली से ऑनलाइन जुड़े। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से संबल योजना का बैकलाग समाप्त हो गया है। कलेक्टर कार्यालय रीवा स्थित एनआईसी में श्रम पदाधिकारी प्रिया अग्रवाल सहित विभागीय अधिकारी तथा संबल हितग्राही उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि संबल योजना में पंजीकृत असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की मृत्यु होने पर उनके परिजनों को अंत्येष्टि सहायता के रूप में पांच हजार रूपये दिये जाते हैं। मजदूर की सामान्य मृत्यु पर उनके परिजनों को दो लाख रूपये तथा दुर्घटना से मृत्यु पर चार लाख रूपये आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण मऊगंज जिले सहित नगरीय निकायों, ग्रामीण क्षेत्रों व जनपद पंचायतों में भी देखा सुना गया।



## आर.ई.सी. ने अदानी एनर्जी सॉल्यूशंसलिमिटेड को सौंपा ट्रांसमिशन एस.पी.व्ही

रीवा

1230 मेगावॉट विद्युत पारेषण के लिये रीवा क्षेत्र में 400 के.व्ही. के दो सबस्टेशन बनेंगे। मध्यप्रदेश को आगामी दो से तीन वर्षों में दो चरणों में 1230 मेगावॉट विद्युत की अतिरिक्त उपलब्धता रहेगी। इस हेतु बिजली कंपनी के मुख्यालय जबलपुर में आर.ई.सी. ने अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड को ट्रांसमिशन एस.पी.व्ही. सौंपा। परियोजना के तहत मेसर्स महान एनर्जेन लिमिटेड के बंधौरा (सिंगरौली) पावर जनरेटिंग प्लांट से मध्यप्रदेश के हिस्से की 1230 मेगावॉट विद्युत निकासी के लिये ट्रांसमिशन नेटवर्क तैयार किया जाना है। एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता देवाशीष चक्रवर्ती ने बताया कि मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी ने 1230 मेगावॉट विद्युत प्रदाय हेतु महान एनर्जेन लिमिटेड से पॉवर परचेस अनुबंध किया था। मेसर्स महान एनर्जेन लिमिटेड द्वारा पावर जनरेटिंग प्लांट की स्थापना प्रस्तावित है। उक्त पावर प्लांट से मध्यप्रदेश के हिस्से की 1230 मेगावॉट विद्युत निकासी हेतु नियामक आयोग के विनियमानुसार टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धा बोली प्रक्रिया के अंतर्गत पारेषण अद्योसंरचना के विस्तार हेतु मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी/एस.टी.यू. से अनुरोध किया गया था। जिसके तहत शासन ने निविदा प्रक्रिया समन्वयक (बी.पी.सी.) के लिये आर.ई.सी.पी.डी.सी.एल. (आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसलटेंसी लिमिटेड) को नियुक्त किया। टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धा बोली (टी.बी.सी.बी) में मेसर्स अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड ने 2000 करोड़ रूपये की इस परियोजना को अन्य बिडर्स के मध्य न्यूनतम दर के आधार पर हासिल करने में सफलता प्राप्त की। वैधानिक औपचारिकताओं को पूर्ण करने के बाद मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी एवं मेसर्स अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड के मध्य पारेषण सेवा अनुबंध (ट्रांसमिशन सर्विस एग्रीमेंट) हस्ताक्षरित हुये, जिसके तहत टी.बी.सी.बी. में 400 के.व्ही., 220 के.व्ही. एवं 132 के.व्ही. की विभिन्न ट्रांसमिशन लाइनों सहित दो 400 के.व्ही. के सबस्टेशन रीवा के सगरा एवं अमरपाटन में स्थापित किये जायेंगे।

## अनियंत्रित होकर क्लिंकर से लोड ट्रक पलटा, एक घायल दो दुकानें भी आई चपेट में, चाकघाट के मंत्री चौराहे हुआ हादसा



रीवा

*जिले के चाकघाट थाना क्षेत्र में एक बार फिर सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है, जहां ट्रक पलट जाने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया तो इस बार दो दुकाने क्षत्रिग्रस्त हुई हैं। मिली जानकारी के अनुसार चाकघाट के मंत्री चौराहे पर क्लिंकर से लोड ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा गया जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी घनश्याम मिश्रा अपने स्टाफ के साथ पहुंच गए और ट्रक को जेसीबी के माध्सम से साइड कराया गया व क्लिंकर हटवाए गए। घायल को उपचार के लिए एसजीएमएच भिजवाया गया है। वहीं घटना में दो दुकाने भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। जिसके बाद पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है।*

## बिना परमिट के सड़क पर दौड़ रही बस जप्त




**रीवा ।** परिवहन विभाग रीवा ने जांच के दौरान एक बस बिना परमिट जप्त की है, बता दे यह बस रीवा सिरमौर मार्ग पर संचालित की जा रही थी। आरटीओ रीवा को यह शिकायत प्राप्त हुई थी की,बस क्रमांक MP 17 P 0598 का बिना परमिट ही संचालन किया जा रहा है। जिसे तत्काल संज्ञान में लेते हुए आरटीओ रीवा ने परिवहन सुरक्षा स्क्वाड को बस की जाँच हेतु निर्देशित किया। परिवहन सुरक्षा स्क्वाड ने रीवा सिरमौर मार्ग में जाकर बस को चेक किया बस बिना परमिट पायी गई, जिसे जप्त कर परिवहन कार्यालय रीवा में खड़ा कराया गया, जांच में अन्य यात्री बसों भी पर कार्यवाही की गई जिनमे किराया सूची,ओव्हर लोडिंग, फिटनेस,बीमा,प्रदूषण प्रमाण पत्र की विशेष जांच की गई।जांच में 11 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए 46900 रुपये का शमन शुल्क वशूल किया गया।

### मऊगंज शहर में बिना सफाई के डिवाइडर मे हो रही पुताई

## पार्षदों ने नगर परिषद और ठेकेदार पर लगाया भष्टाचार का आरोप

मऊगंज

जिले में ठेकेदारों द्वारा लगातार प्राकलन के विरुद्ध अनियमित और गुणवत्ता के बिना कार्य किया जा रहा है लगभग दो वर्ष पूर्व से सड़क बनने से पहले बाज़ार के मुख्य मार्ग में ठेकेदार द्वारा डिवाइडर का निर्माण किया गया जो पूर्णतः निर्माण शर्त के विरुद्ध बनाया गया था दो वर्ष से निर्माण के बाद कई दुर्घटनाएं हुई जगह-जगह अधूरा निर्माण और गड्ढे से आवागमन पूरी तरह बाधित रहा इस संबंध में नगर परिषद के पार्षद और व्यापारियों द्वारा कई बार शिकायत की गई किंतु ठेकेदार द्वारा कोई सुधार व गुणवत्ता नहीं दिखाई गई अब अपूर्ण व घटिया तरीके से बने डिवाइडर में कई लाखों की लागत से पेंट की पुताई की जा रही है जगह-जगह डिवाइडर में उखड़ी कंक्रीट और रद्दी पड़े मटेरियल की बिना सफाई किए पेंट से पुताई की जा रही है इस घटिया निर्माण और गलत तरीके से किए गए कार्य को नगर परिषद द्वारा कोई देखरेख नहीं की गई और करोड़ों के भुगतान भी परिषद द्वारा कर दिया गया बड़े स्तर से भ्रष्टाचार व अनियमित तरीके से किए गए निर्माण की नगर परिषद के कई पार्षदों ने जांच कराने मांग उठाई है और कहा कि नगर परिषद में पूरी तरह से भ्रष्टाचार और लूटपाट का कार्य चल रहा है





राजनीतिक संरक्षण के चलते भ्रष्टाचार दिनों दिन बढ़ रहा है कलेक्टर संजय जैन से स्थानीय लोगो ने शहर सौन्दर्यीकरण के नाम पर हो रहै भष्टाचार की जांच कराने की मांग की गई है

पार्षदों की अपनी बात

घटिया व नियम विरुद्ध बनाए गए डिवाइडर का कई बार पार्षदों द्वारा विरोध किया गया किंतु अध्यक्ष और सीएमओ द्वारा कोई देखरेख नहीं की गई जो बड़े स्तर से जांच का विषय है राजनीतिक दबाव के कारण जांच नहीं हो रही

**विश्वनाथ मिश्रा**
पार्षद वार्ड 07 मऊगंज

अधूरे डिवाइडर में विना सफाई और सुधार के ही घटिया तरीके से पेंट की पुताई की जा रही है बड़े अधिकारी जांच नहीं करते नगर परिषद में भ्रष्ट व्यवस्था चल रही है

**शीला द्विवेदी**
पार्षद वार्ड 11
मऊगंज

नगर परिषद में कई बरसों से जमे सीएमओ और सजातीय नगर मुखिया की वजह से भ्रष्टाचार और बदहाल स्थिति में पहुंच चुकी है नगर परिषद चारों तरफ गंदगी अंधेरा और धूल भरी सड़कें अनवरत चल रही हैं

**अरुणा तिवार निवासी**
वार्ड 02 मऊगंज

## सीएम ने समाधान ऑनलाइन में सुनी नागरिकों की समस्याएं, 2 को किया सस्पेंड






मऊगंज

जिले में मुख्यमंत्री मोहन यादव का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान बड़ा एक्शन लेते हुए दो कर्मचारियों को निलंबित किया है मऊगंज नगर परिषद के सीएमओ महेश पटेल एवं इंजीनियर राजेश प्रताप सिंह को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान निलंबित कर दिया गया। पाइप लाइन क्षतिग्रस्त निर्माण करने वाली एजेंसी के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है।